उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 3681 /27(2026)/अधियाचन(विज्ञापन)/2026–27 दिनांकः 23/नवम्बर/2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या 05/2026 सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों) व बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN) का विज्ञापन दिनांक 15 सितम्बर, 2026 को प्रकाशित किया गया था। प्रश्नगत विज्ञापन की परीक्षा दिनांक 03 दिसम्बर, 2026 को प्रदेश के 48 जनपदों में दो पालियों (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक) में आयोजित की जायेंगी।

तद्नुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर दिनांक 23 नवम्बर, 2026 से जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 30 नवम्बर, 2026 से डाउनलोड किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

(संजय कुमार सिंह)
उपसचिव